**आयोजन** | मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना के तहत नारायणगंज के विकासखण्ड पड़रिया में जल मंदिर स्थापित

# अक्षय तृतीया पर पड़रिया रंगमंच में जल मंदिर का शुभारंभ




**नारायणगंज।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जल गंगा संवर्धन अभियान के जल शक्ति से नवभक्ति शुद्ध जल स्वच्छ जल जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम विकासखंड नारायणगंज द्वारा जनपद पंचायत परिसर नारायणगंज में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड नारायणगंज की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पड़रिया के सहयोग से ग्राम की महिला मंडल द्वारा जल मंदिर (प्याऊ) को स्थापित किया गया।

इस जल मंदिर प्याऊ को स्थापित करने का साफ उद्देश्य जनपद पंचायत में आ रहे जन समुदाय को शुद्ध व ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। इसी मुहिम के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड नारायणगंज की टीम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पूर्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विकासखंड के कई ग्रामों में किया जा चुका है वर्तमान समय में परिषद के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी एवं विकासखंड समन्वयक संतोष कुमार झारिया के निर्देशानुसार जल सेवा समागम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें जनपद पंचायत नारायणगंज के अध्यक्ष आशाराम भारतीया, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पड़रिया के सदस्य तथा सीएमसीएलडीपी कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं, परामर्शदाताओं की विशेष भूमिका देखी जा रही है। ग्राम पड़रिया के जल मंदिर स्थापना कार्यक्रम में राकेश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, सुरेश सोनी, सुमित हथाले, आशना सिंगरौरे, अरविंद चौकसे एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### जलगंगा संवर्धन योजना के तहत प्याऊ का शुभारंभ




**भुआ बिछिया।** प्रचंड गर्मी और तेज धूप के चलते राहगीरों को हो रही परेशानी को देखते हुए शासन के निर्देशानुसार नगर परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत स्थानीय बस स्टैंड में प्यासे कंठ को तर करने प्याऊ की शुरूआत की गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, पार्षद शशि कांत श्रीवास्तव, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील गर्ग, नलजल प्रभारी अशोक यादव ने प्यासे लोगो को पानी पिलाकर प्याऊ की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सर्वजनिक स्थानों चौक चौराहों में सभी जगह शीघ्र प्याऊ खोले जाएंगे, इस अवसर पर बस स्टैंड के व्यापारी, दुकानदार यात्री उपस्थित रहे।



# कल डंपर तो आज क्रेन, रोज धंस रहे भारी वाहन

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे के पुल नंबर 1 से कांचघर रोड के हालात इन दिनों किसी नरक से कम नहीं है। यहाँ हर रोज़ भारी वाहन सड़को के किनारे पड़े मलबे में धंस रहे है। यही नहीं पाइप लाइन बिछाने खोदे गड्ढों के मलबे से जहां लोगों की नालियों में मिट्टी भर दी गई हैं वहीं, गड्ढों के मलबे को समेटने के काम में लगे भारी भरकम वाहन भी धंसते चले जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रविवार 19 अप्रैल को फिर सामने आया, जहां उसकी भारी-भरकम क्रेम दलदल में 2 फुट से ज्यादा धंस गई, जिसे कई अन्य मशीनों की मदद से बाहर निकाला जा सका। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले भी कोचिंग डिपो के सामने एक डम्पर मलबे में धंस गया था, जिसे बमुश्किल से निकाला जा सका था लगातार दो दिनों से घट रही घटना से इसलिए भी कोई बड़ा हादसा नहीं हो सका क्योंकि इस रोड को पूरी तरह से बंद करके रखा गया है।

**परेशानी से जिम्मेदार बेखबर**-इस रोड को बंद हुए लगभग 2 माह हो रहे हैं, लेकिन काम की गति इतनी सुस्त है कि यह मार्ग कब खुलेगा, यह जिम्मेदार भी ठीक से नहीं बता पा रहे हैं। भले ही इस मार्ग का उपयोग करने वाले हजारों-लाखों लोग परेशान हों, उन्हें कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर आना-जाना करना पड़ रहा हो, इससे जिम्मेदारों को कोई सरोकार नहीं रह गया है। रेल कर्मचारी भी ड्यूटी आने-जाने में परेशान हैं, किंतु उनकी भी सुनवाई नहीं हो रही है।

# दुबई में कत्थक नृत्यांगना से दोस्ती, शादी का झांसा देकर लूटी आबरू

▶ पीड़िता ने नवजात शिशु को दिया जन्म, महाराष्ट्र का प्रेमी शादी से मुकरा, एफआईआर दर्ज



**जबलपुर।** देश-विदेश में प्रस्तुतियां देने वाली एक 29 वर्षीय कत्थक नृत्यांगना को दुबई में महाराष्ट्र निवासी युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर जबलपुर समेत कई शहरों में उसका शोषण किया। आरोपी ने न केवल मंदिर में अंगूठी पहनाकर कोर्ट मैरिज का दावा किया, बल्कि युवती के गर्भवती होने और नवजात शिशु के जन्म के बाद अब शादी से साफ मुकर गया। इसके बाद पीड़िता ने अब ग्वारीघाट थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई । जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक 29 वर्षीय युवती कत्थक डांसर है। साल 2023 में वह एक शो के सिलसिले में दुबई गई थी। वहां उसकी पहचान नासिक महाराष्ट्र निवासी शोहसिन हसीन इकबाल सैय्यद पिता इकबाल कादिर सैय्यद (41) से हुई। दुबई के बाद जब युवती मुंबई आई, तो आरोपी ने वहां भी उससे मुलाकात की और उसके नृत्य की खूब प्रशंसा की। इसी प्रशंसा और मुलाकातों के जरिए आरोपी ने युवती का भरोसा जीत लिया।

### गर्भावस्था में दिया धोखा

जून 2024 में युवती गर्भवती हो गई। इस कठिन समय में युवती बीमार भी रही और उसने आरोपी पर शादी का दबाव बनाया। आरोपी उसे जल्द शादी का आश्वासन देकर वापस चला गया, लेकिन फिर लौटकर नहीं आया। इस बीच युवती ने एक बच्चे को जन्म दिया। जब पीड़िता ने फिर से संपर्क किया, तो आरोपी ने शादी करने से साफ मना कर दिया। अपने साथ हुए इस बड़े धोखे के बाद पीड़िता ने ग्वारीघाट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### शादी का प्रस्ताव रख जीता भरोसा, मुंबई, नासिक भी ले गया

नवंबर 2023 में जब युवती जबलपुर लौट रही थी, तब आरोपी काम का बहाना बनाकर उसके साथ शहर आ गया। यहाँ ग्वारीघाट स्थित आकाश गंगा होटल में रुककर उसने युवती को प्रेम जाल में फंसाया। आरोपी ने युवती के परिजनों से मिलकर शादी का प्रस्ताव भी रखा, जिससे परिवार को उस पर भरोसा हो गया। इसके बाद आरोपी उसे ग्वारीघाट स्थित आकाश गंगा होटल ले गया और शादी का झांसा देकर पहली बार दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे मुंबई और नासिक भी ले गया। नासिक में उसने एक मंदिर में युवती को अंगूठी पहनाई और वादा किया कि वे जल्द ही धूमधाम से शादी करेंगे। उसने कोर्ट मैरिज के दस्तावेज तैयार करने का भी दावा किया था।

# 135 खिलाड़ियों ने दिखाया कराते स्पर्धा में दमखम

▶ मंडला में जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता आयोजित






**मंडला।** 19 अप्रैल को डिस्ट्रिक एमेच्योर कराते एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के मंडला, नैनपुर, बिछिया, मवई, घुघरी विकासखंड से कुल 135 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष संजू भलावी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य एवं समाजसेवी किरण भारद्वाज, क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष योगेश कछवाहा तथा मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संदीप सिंह कछवाहा और युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष पटेल, प्रकाश प्रजापति, ईश्वरी केवट की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट एमेच्योर कराटे एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रतिमा उपाध्याय एवं सचिव त्रिलोक डोंगरे की विशेष भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात खिलाड़ियों ने काता का आकर्षक प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। आगे कुमिते के रोमांचक मुकाबले आयोजित हुए, जिनमें खिलाड़ियों ने जोश, अनुशासन और उत्कृष्ट तकनीक का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता संपन्न कराने में रेफरी जज अकल सिंह, आदित्य धुर्वे, रिखिराम मार्को, अमन रजक, दिशा यादव, संतोष, रोहित, पूजा, रितेश, अर्पित, सिद्धि, तेजस एवं कोच में सूर्यप्रकाश, शनि, सोनिया, लक्ष्मी की अहम भूमिका रही।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान बैडमिंटन कोच अफसर खान, आर्चरी कोच जसवंत अहिरवार एवं फुटबॉल कोच पंकज सराठे द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना एवं युवाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में ऐसे आयोजनों को और व्यापक स्तर पर आयोजित करने की बात कही गई।



# पलक झपकते ही लॉक तोड़ ले उड़ते थे टू-व्हीलर

**दो शातिर चोर गिरफ्तार आधा दर्जन वाहन जब्त**

**जबलपुर।** लार्डगंज पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चुराये हुये 5 दुपहिया वाहन जप्त किए गए है। पकड़े गए चोर पल झपकते ही लॉक तोड़कर टूव्हीलर ले उड़ते थे। पकड़े गए आरोपियों से अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में भी गई । इसके बाद दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया है। टीआई नवल आर्य ने बताया कि सूरज पिता गणेश यादव (19) निवासी छुई खदान वेदी नगर गढ़ा एवं आशुतोष पिता रतिराम यादव (19) निवासी सुनवारा थाना धनौरा जिला सिवनी को पकड़ा गया। जिन्होंने पूछताछ करने वाहनों की चोरी करना स्वीकार की। सूरज यादव ने लार्डगजं क्षेत्र से दो स्कूटी, शहपुरा से एक स्कूटी चोरी करना स्वीकार किया। आशुतोष यादव ने लार्डगंज से एक स्कूटी, भेड़ाघाट टोल के पास आगे से एक स्कूटी चुराना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से पांच वाहनों को जब्त किया गया इसके बाद दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# ट्रैक्टर चलवाकर उड़द की फसल कर दी बर्बाद

**पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत चंदवा स्थित खेत में साढ़े तेरह एकड़ में लगी उड़द की फसल दबंगों ने ट्रैक्टर चलवाकर बर्बाद कर दी।

पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम अर्जुन सिंह 72 वर्ष निवासी ग्राम चंदवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सुबोध पटैल के चदवा वाले खेत के देखरेख का काम करता है खेत सुबोध पटेल एवं उनके भाईयों को बटवारे में मिला है दोपहर लगभग 1 बजे सुबोध पटेलल के आम वाले खेत में था जिसमें उड़द की फसल बोई थी वह फसल की देखरेख कर रहा था तभी अजय पटैल, अमर पटैल, नरेश पटेल, रिंकू शर्मा, अरविन्द शर्मा सभी एचएमटी ट्रेक्टर क्रमांक एचए 8176 एवं बिना नम्बर का आईसर ट्रेक्टर लेकर आये एवं सुबोध पटेल के खेत में घुसकर दोनों ट्रेक्टर चलवाने लगे, उसने उन्हें बोई हुयी फसल नष्ट करने के लिये मना किया तो उसके साथ विवाद करते हुए दोनों ट्रैक्टरों से साढ़े तेरह एकड़ में से लगभग साढ़े ग्यारह एकड़ की फसल टेक्ट्रटर चलाकर नष्ट कर दिये उसे जान से मारने की धमकी देते हुये चले गए। खेत में बोई उड़द की फसल बखरने से लगभग 4 लाख रूपये का नुकसान हुआ है।



# अक्षय तृतीया में किया दान कभी क्षय नहीं होता : सीएम

**सामूहिक कन्या विवाह समारोह में वर्चुअली जुड़कर दिया आर्शीवाद**



**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जिले के शहपुरा में आयोजित सामूहिक कन्या विवाह समारोह में इंदौर से वर्चुअली जुड़े। उन्होंने 200 नवविवाहित जोड़ो को वर्चुअली बधाई और आशीर्वाद देते हुए कहा कि मैं भले ही वीसी के माध्यम से आपसे जुड़ा हूं, लेकिन जबलपुर की रौनक को यहां तक अनूभव कर रहा हूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन परम्परा में गृहस्थ जीवन को सभी आश्रम में से सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्रों में कहा गया है कि अक्षय तृतीया के दिन किया गया दान और पुण्य कभी क्षय नहीं होता, वह अक्षय हो जाता है, अनंत हो जाता है। उन्होंने सोलह संस्कारों में विवाह संस्कार को एक श्रेष्ठ संस्कार मानते हुये कहा कि अक्षय तृतीया पर हुए वैवाहित बंधन का यह रिश्ता सदैव अक्षय रहे और अटूट रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी वैवाहिक जोड़ो की सुखमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि सुख और दुख में आप एक दूसरे का हाथ थामे रखें।

### सामूहिक विवाह में 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

बरगी विधानसभा के शहपुरा में आज विधायक नीरज सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, जिनमें 198 जोड़ों का विवाह हिंदू रीति-रिवाज से तथा 2 कन्याओं का निकाह संपन्न् कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक नीरज सिंह ने सभी नव दांपत्य को शुभकामनाऐं देते हुये सरकार के सामूहिक विवाह कार्यक्रम के उद्देश्य भी बताया।

**निरीक्षण** | निगमायुक्त ने किया चार संभागों का सघन निरीक्षण

# शहर में कहीं भी जलप्लावन की स्थिति निर्मित नहीं हो : निगमायुक्त



**नवभारत, जबलपुर।** वर्षाऋतु के आगमन के पूर्व शहर की स्वच्छता और सुगम जल निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने रविवार को शहर के विभिन्न संभागों का सघन दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मानसून के दौरान शहरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और जलभराव की स्थिति निर्मित न होने पाए।

निगमायुक्त ने सुबह से ही स्वास्थ्य और स्वच्छता अमले के साथ रामपुर, गोरखपुर, सिविल लाइन और मुख्यालय संभाग के विभिन्न वार्डों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य मार्गों के साथ-साथ बस्तियों के भीतर की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया।

साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी रखने के भी निगमायुक्त ने निर्देश दिए।

इस अवसर पर निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त अरविंद शाह,देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, वी एन बाजपेई, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र कौरव,अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से आदि उपस्थित रहे।

### नाला-नाली की हो सफाई

निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि वर्षा पूर्व बड़े नालों की सिल्ट निकालने का कार्य युद्धस्तर पर पूर्ण किया जाए। छोटी नालियों में कचरा फंसने के कारण होने वाले अवरोध को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़कों पर नियमित स्वीपिंग के साथ-साथ जमा मिट्टी को हटाएं ताकि वर्षा के जल के साथ यह मिट्टी नालियों में जाकर उन्हें चोक न करे।


## कार्यालय जनपद पंचायत घुघरी, जिला-मण्डला (म.प्र.)

क्रमांक / सामा. न्याय/ ज.पं. / 2026 /138 --: **निविदा-सूचना** :-- घुघरी, दिनांक :- 17/04/2026

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह समारोह का आयोजन दिनांक 29/04/2026 को विवाह स्थल सांदीपनि विद्यालय प्रांगण घुघरी में किया जाना है। समारोह हेतु टेंट, डेकोरेशन, साउंड एवं भोजन व्यवस्था, वर-वधू के श्रृंगार सामग्री, फोटोग्राफी हेतु जनपद पंचायत घुघरी के तहत पात्रता योग्य निविदाकार/कार्य संपादन आपूर्तिकर्ता/पंजीकृत ठेकेदार/सप्लायर्स प्रमाणित दस्तावेजों सहित एम.पी. ई टेण्डर पोर्टल (www.mptenders.gov.in) पर ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 18/04/2026 सुबह 9:00 बजे से दिनांक 24/04/2026 को दोपहर 1:00 बजे तक समस्त जानकारी सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदाएं दिनांक 25/04/2026 को अपराह्न 1:00 बजे कार्यालय जनपद पंचायत घुघरी में खोली जायेगी। जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत घुघरी**